रणजीत टाइम्स
इंदौर
शुक्रवार, 26 दिसम्बर, 2025
वर्ष 01 | अंक 316 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital
RNI-NO.MPHIN/2015/64585
प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे

# केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मध्य प्रदेश को दी ऐतिहासिक सौगात

**ग्वालियर। मध्य प्रदेश के विकास इतिहास में गुरुवार का दिन एक अहम और यादगार अध्याय के रूप में दर्ज हो गया, जब केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने ग्वालियर की धरती से राज्य को करीब दो लाख करोड़ रुपये की निवेश परियोजनाओं की बड़ी सौगात दी। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न विकास और औद्योगिक परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इसके साथ ही ग्वालियर व्यापार मेले का विधिवत शुभारंभ किया गया, जो वर्ष 1905 से लगातार आयोजित हो रहा है और प्रदेश की व्यापारिक पहचान का प्रतीक माना जाता है। इसी क्रम में अटल म्यूजियम के उन्नयन कार्य का भी लोकार्पण किया गया। इस भव्य कार्यक्रम में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के साथ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल सहित कई वरिष्ठ नेता और उद्योग जगत के प्रतिनिधि मौजूद रहे। मंच से सभी नेताओं ने MP ग्रोथ समिट को मध्य प्रदेश के आर्थिक, औद्योगिक और रोजगार भविष्य के लिए मील का पत्थर बताया।**

विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने अपने संबोधन में कहा कि आज का दिन इसलिए भी विशेष है क्योंकि यह पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती है। ऐसे पावन अवसर पर ग्वालियर की धरती से निवेश और विकास से जुड़े बड़े निर्णय लिए जा रहे हैं।




उन्होंने कहा कि MP ग्रोथ समिट के माध्यम से प्रदेश में बड़े पैमाने पर निवेश आएगा, जिससे युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और मध्य प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने इस दिन को मध्य प्रदेश के लिए स्वर्णिम दिवस बताया। उन्होंने कहा कि MP ग्रोथ समिट 2025 का आयोजन अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती पर होना अपने आप में ऐतिहासिक है। ग्वालियर की पावन भूमि से अटल जी के विचारों और संकल्पों को आगे बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अटल जी का हर विचार और हर वाक्य देश और प्रदेश के लिए मार्गदर्शक है और आज का दिन इतिहास में हमेशा याद रखा जाएगा। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अपने भावनात्मक संबोधन में कहा कि यह दिन उनके लिए केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि उत्तरदायित्व का दिवस है। उन्होंने कहा कि ग्वालियर के सपूत और राष्ट्र के भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिन आज है और इसी दिन MP ग्रोथ समिट के जरिए मध्य प्रदेश के विकास को नई दिशा मिल रही है। सिंधिया ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने महज दो वर्षों में ही MP ग्रोथ समिट के माध्यम से ऐसा कार्य किया है, जो इतिहास के पन्नों में दर्ज होगा। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए सुशासन बेहद जरूरी है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश जिस रास्ते पर आगे बढ़ रहा है, MP ग्रोथ समिट उसी सुशासन का सशक्त उदाहरण है। सिंधिया ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में देश में कानून व्यवस्था मजबूत हुई है, धारा 370 का खात्मा हुआ, नक्सलवाद और आतंकवाद पर निर्णायक प्रहार किया गया और नए भारत की नींव मजबूत हुई है। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अटल बिहारी वाजपेयी को केवल एक पूर्व प्रधानमंत्री नहीं, बल्कि युगद्रष्टा बताते हुए कहा कि अटल जी की सोच में राजनीति सत्ता या पद पाने का माध्यम नहीं, बल्कि जनता की सेवा का साधन थी। उन्होंने अपने व्यक्तिगत संबंधों का जिक्र करते हुए कहा कि उनकी तीन पीढ़ियां अटल जी से जुड़ी रही हैं और उनकी आजी अम्मा राजमाता ने भी अटल जी के साथ काम किया था। अंत में उन्होंने मंच से उद्योगपतियों का आभार जताते हुए कहा कि उन्होंने मध्य प्रदेश पर भरोसा जताकर यहां निवेश करने का निर्णय लिया है, जो प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव साबित होगा। कुल मिलाकर ग्वालियर से दिया गया यह संदेश साफ है कि मध्य प्रदेश अब निवेश, उद्योग और रोजगार के नए दौर में प्रवेश कर चुका है और MP ग्रोथ समिट आने वाले वर्षों में राज्य की तस्वीर और तकदीर बदलने वाली साबित होगी।

# ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 सैटेलाइट अलग हो गया है और सफलतापूर्वक ऑर्बिट में स्थापित हो गया



**इसके साथ ही यह मिशन सफलतापूर्वक पूरा हो गया है। श्रीहरिकोटा, आंध्र प्रदेश ISRO का LVM3 M6 मिशन सतीश धवन स्पेस सेंटर से लॉन्च हुआ, जो U.S.-बेस्ड AST SpaceMobile के साथ एक कमर्शियल डील के तहत ब्लू बर्ड ब्लॉक-2 सैटेलाइट को ऑर्बिट में ले गया। यह मिशन अगली पीढ़ी के कम्युनिकेशन सैटेलाइट को तैनात करेगा, जिसे दुनिया भर में स्मार्टफोन को सीधे हाई-स्पीड सेलुलर ब्रॉडबैंड देने के लिए डिज़ाइन किया गया है। ब्लू बर्ड ब्लॉक-2 स्पेसक्राफ्ट LVM3 रॉकेट के इतिहास में लो अर्थ ऑर्बिट में लॉन्च किया जाने वाला सबसे भारी पेलोड होगा।**

# इंदौर में गैंगरेप का गंभीर मामला, नशीला पदार्थ देने और मारपीट के आरोप, पुलिस जांच में जुटी

**इंदौर। शहर के लसुड़िया थाना क्षेत्र से सामूहिक दुष्कर्म का एक गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि उसे नशीला पदार्थ देकर उसके साथ दुष्कर्म किया गया और घटना के बाद उसके साथ मारपीट भी की गई। मामला सामने आने के बाद स्थानीय स्तर पर आक्रोश की स्थिति बनी हुई है।**

पीड़िता के अनुसार आरोपियों ने उसे एमडी ड्रग्स जैसे नशीले पदार्थ का सेवन कराया, जिसके बाद उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया है कि यह घटना एक चार साल के बच्चे के सामने हुई, जिससे मामला और अधिक संवेदनशील हो गया है। दुष्कर्म के बाद उसके साथ बेरहमी से मारपीट किए जाने की भी बात कही गई है, जिससे उसे चोटें आई हैं। घटना की जानकारी मिलते ही करणी सेना सहित कुछ सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता लसुड़िया थाने पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की गई तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे।लसुड़िया पुलिस का कहना है कि पीड़िता के बयान के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। मेडिकल जांच, कॉल डिटेल्स और अन्य उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर पूरे मामले की पड़ताल की जा रही है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जांच के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके अनुसार आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पीड़िता ने यह भी दावा किया है कि पूर्व में भी उसके साथ जबरन गर्भपात कराया गया था, जिसके दस्तावेज उसके पास मौजूद हैं। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस सतर्कता बरत रही है और जांच जारी है।

# रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) ने नेक्स्ट जेनरेशन आकाश मिसाइल (आकाश-NG) सिस्टम के यूजर इवैल्यूएशन ट्रायल सफलतापूर्वक पूरे कर लिए

रणजीत टाइम्स

**नलिन दीक्षित**

रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि ट्रायल के दौरान, मिसाइलों ने अलग-अलग रेंज और ऊंचाई पर हवाई टारगेट को सफलतापूर्वक इंटरसेप्ट किया, जिसमें कम ऊंचाई और लंबी दूरी, ऊंची ऊंचाई वाले सिनेरियो शामिल हैं। आकाश-NG अलग-अलग तरह के हवाई खतरों से हवाई सुरक्षा




सुनिश्चित करने के लिए एक शक्तिशाली सिस्टम है। यह स्वदेशी रेडियो फ्रीक्वेंसी सीकर से लैस है और सॉलिड रॉकेट मोटर से चलता है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आकाश-NG के यूजर इवैल्यूएशन ट्रायल के सफल समापन पर DRDO, भारतीय वायु सेना और इंडस्ट्री को बधाई दी और कहा कि यह अत्याधुनिक मिसाइल सिस्टम IAF की हवाई रक्षा क्षमताओं को और मजबूत करेगा

# राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के तहत इंदौर में उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

इंदौर। राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस-2025 के अवसर पर आज इंदौर में विविध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिले का मुख्य कार्यक्रम कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा की विशेष उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग क्रमांक 01 एवं 02 के अध्यक्ष श्री विकास राय मुख्य अतिथि थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में आयोग क्रमांक 01 के सदस्य श्री कुंदन सिंह चौहान, डॉ. निधि बारंगे और




आयोग क्रमांक 02 के सदस्य श्री लालजी तिवारी उपस्थित शामिल हुए।

कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि उपभोक्ताओं को शुद्ध, गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री सही दाम और सही माप के अनुसार उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। मिलावटखोरों के विरुद्ध लगातार अभियान चल रहा है और आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। पेट्रोल पंप, गैस एजेंसी सहित सभी सेवाओं में समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण सेवा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता जागरूकता, त्वरित निवारण और मिलावट के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस इंदौर प्रशासन की निरंतर प्रतिबद्धता है। स्वागत भाषण जिला आपूर्ति नियंत्रक श्री एम.एल. मारू ने दिया। उन्होंने बताया कि उपभोक्ता मार्गदर्शन केन्द्र के माध्यम से पिछले एक वर्ष में 300 से अधिक प्रकरणों का सफल निराकरण किया गया। विभागीय नवाचारों की कुंदन सिंह चौहान तथा डॉ. निधि बारंगे ने सराहना की। मेडिकल क्षेत्र में उपभोक्ता जागरूकता पर भी बल दिया गया।

मुख्य अतिथि श्री विकास राय ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के प्रभावी प्रावधानों (CCPA) को उदाहरणों सहित समझाया। सुप्रीम कोर्ट में प्रचलित ऑटो इंडस्ट्री से जुड़ी गाइडलाइंस/दिशा-निर्देशों की जानकारी दी गई। प्रश्नोत्तरी सत्र में उपस्थित उपभोक्ताओं के प्रश्नों के उत्तर भी दिए गए। साथ ही, आयोगों द्वारा पिछले दो वर्षों में समय-सीमा में पारित आदेशों एवं उनके क्रियान्वयन की प्रगति से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में कलेक्टर एवं अन्य अतिथियों ने विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में खाद्य एवं औषधि प्रशासन, नापतौल विभाग, राज्य सिविल सप्लाईज कॉर्पोरेशन, वेयरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक्स, बीएसएनएल, विद्युत विभाग, सांची दुग्ध संघ, कृषि विभाग सहित स्वैच्छिक उपभोक्ता संगठनों द्वारा उपभोक्ता अधिकारों एवं कानूनी जानकारी का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों ने उपभोक्ता जागरूकता हेतु किया जा रहे कार्यों के लिए पं. डी.जी. मिश्र, श्री मुकेश अमोलिया, श्री आर.के. शुक्ला सहित विभिन्न संगठनों/अधिकारियों को प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। उपभोक्ता मार्गदर्शन केन्द्र की स्थापना में उल्लेखनीय योगदान हेतु कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्रीराहुल शर्मा का विशेष सम्मान किया गया। तीन श्रेष्ठ जागरूक उपभोक्ताओं—श्री रामनरेश भदौरिया, श्रीमती प्राची आर्य एवं श्रीमती राशि कौशिक को तुलसी का पौधा एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आभार सहायक आपूर्ति अधिकारी श्री एस.एस. व्यास ने व्यक्त किया तथा संचालन कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी एस.एस. गामड द्वारा किया गया।

## चर्च पहुंचे PM मोदी, बने प्रार्थना सभा का हिस्सा

# लोगों को दी शुभकामनाएं



रणजीत टाइम्स

**नलिन दीक्षित**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को क्रिसमस के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं और आशा व्यक्त की कि ईसा मसीह की शिक्षाएं समाज में सद्भाव को और मजबूत करती रहेंगी।

**दुनिया भर में क्रिसमस मनाया**

मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''शांति, करुणा और आशा से भरे आनंदमय क्रिसमस की सभी को शुभकामनाएं। ईसा मसीह की शिक्षाएं हमारे समाज में सद्भाव को सुदृढ़ करें।''

# राष्ट्रीय स्मारक भीम जन्मभूमि महू का मामला

## मेमोरियल सोसायटी जांच प्रकरण में पंजीयक भोपाल में पेशी, सुनवाई आज

महू। संविधान निर्माता डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर की जन्मभूमि महू स्थित राष्ट्रीय स्मारक की संचालक संस्था 'डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर मेमोरियल सोसायटी' के प्रबंधकीय विवाद में धारा 32 के तहत समिति की जांच, रिकॉर्ड जब्ती और प्रशासक नियुक्ति के मामले ने अब गति पकड़ ली है। गौरतलब है कि राष्ट्रीय स्मारक महू के अतिसंवेदशील विवाद में संस्था के 23 में से 19 अर्थात दो तिहाई बहुमत वाले सदस्यों द्वारा समिति की जांच की मांग पर कार्यवाही नहीं होने के चलते माननीय उच्च न्यायालय में दायर याचिका पर जारी निर्देशों के बाद पंजीयक फर्म्स एवं सोसायटी भोपाल ने मामले में आवश्यक प्रशासनिक कार्यवाही शुरू कर दी है। पहली सुनवाई का विवरण में सदस्यों द्वारा 17 नवंबर को अभ्यावेदन जमा करने के बाद 12 दिसंबर को आयोजित पहली आधिकारिक सुनवाई में दोनों पक्षों ने अपने विद्वान् अधिवक्ताओं के साथ उपस्थित होकर दावे और प्रमाण संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत किए। जिसमें पंजीयक महोदय ने समिति संचालन के विवादित बिंदुओं के दस्तावेजों को रिकॉर्ड पर लेकर प्रारंभिक



कार्यवाही को पूरा किया था। विवाद का मुख्य संदर्भ में विदित हो कि मेमोरियल सोसायटी के प्रबंधकीय ढांचे के कुल 23 सदस्यों में से दो तिहाई बहुमत वाले 19 सदस्यों ने अनियमित कार्यप्रणाली, गंभीर वित्तीय अनियमितता, कुप्रबंधन और नियम प्रावधानों के विपरीत गतिविधियों में लिप्त आरोपी निष्कासित सचिव राजेश वानखेड़े और आंबेडकर संस्थान ब्राउस में तृतीय श्रेणी कर्मचारी इसके सगे मामा कोषाध्यक्ष अरुण कुमार इंगले ने अपनी कारस्तानियों पर पर्दा डालने हेतु नकली बहुमत बनाने का षडयंत्र किया और इसे अंजाम देने रात के अंधेरे में राष्ट्रीय स्मारक के ताले तोड़ अलमारी से दस्तावेजों को गायब कर गंभीर जालसाजी की अपने भाईयो, भतीजों, करीबी रिश्तेदारों और साथियों को फर्जी सदस्यता देकर फर्जी अध्यक्ष और फर्जी निर्वाचन कराकर राष्ट्रीय स्मारक पर अवैध कब्जा कर लिया। इसी संगीन मामले में माननीय न्यायालय ने निष्पक्ष जांच और कार्यवाही के आदेश पारित किए थे।

### सुनवाई पर टिकी निगाहें..

पहली सुनवाई में दस्तावेजों के अवलोकन के बाद पंजीयक भोपाल ने अगली पेशी के लिए 26 दिसंबर 2025, शुक्रवार का दिन तय किया है। जहां इस विवाद के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय या निर्देश आने की संभावना है। प्रशासनिक गलियारों सहित देशभर के आंबेडकर अनुयायियों में इस प्रकरण को लेकर भारी गहमागहमी का माहौल व्याप्त है।

## मामाजी की 27 वीं पुण्यतिथि आज- मामाजी की याद में घोषणाए हुई पर अमल नहीं उपेक्षा का शिकार है मामाजी का भील आश्रम

**झाबुआ : राजेश सोनी /26 दिसम्बर को ख्यातनाम समाजसेवी एवं स्वतंत्रता संग्राम सैनानी स्व. मामा बालेश्वर दयाल दीक्षित की 27 वीं पुण्यतिथि है। इस अवसर पर बामनिया स्थित उनके भील आश्रम व समाधि स्थल पर अंचल सहित समीपवर्ती राजस्थान एवं गुजरात राज्यों से मामाजी के हजारों अनुयायी पहुंचेगें और मामाजी को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। मामाजी की इस 27 वीं बरसी पर उनके अनन्य भक्तगण कई किलोमीटर की पैदल यात्रा करते हुए एवं निजी वाहनों के जरिए यहां पहुंचेगें। वैसे तो मामाजी के देहावसान के बाद पुण्यतिथि के अवसर पर प्रतिवर्ष राजनेताओं का जमावडा रहा है किन्तु इन राजनेताओं की गई घोषणाऐं अभी तक मूर्त रूप नहीं ले पाई जिससे मामाजी के अनुयायियों का इन राजनेताओं से मोहभंग हो चुका है।** किन्तु मामाजी के अनुयायियों को तो अपने आराध्य के धाम पर आने के लिए किसी बुलावे का इंतजार नहीं रहता है वे तो अपने इस देवता के धाम पर शीश नवाने के लिए पैदल ही चले आते है फिर चाहे सर्द मौसम की मार हो या राह की तकलीफें हो ,मामाजी के भक्त तो सारी तकलीफें मामाजी की जय जयकार करते हुए सह जाते है। मामाजी की पुण्यतिथि के 27 बरस बीतने के बाद भी हजारों की संख्या में उनके वनवासी अनुयायियों का हजारों की संख्या में यहां जुटना इस बात का प्रमाण है कि मामाजी के प्रति उनके अनुयायियों में अगाध श्रद्वा है।

घोषणाएं तो हुई पर अमल नहीं - मामा बालेश्वर दयाल के अनुयायियों में कांग्रेस , भाजपा, जनतादल और समाजवादी बडी संख्या में रहे है। समय -समय पर मामाजी के जीते जी और उनके निधन के बाद पुण्यतिथि पर भी मामाजी के राजनेता अनुयायी यहां आते रहे है। जिन्होंने मामाजी की स्मृति में कई घोषणाऐं यहां की थी , जिनमें

1-तत्कालीन केन्द्रीय रक्षामंत्री रहे श्री जार्ज फर्नाडीस द्वारा सैनिक स्कूल खोले जाने का प्रस्ताव

2-मामाजी की सुशिष्या रही प्रदेश की तत्कालीन उपमुख्यमंत्री श्रीमती जमुनादेवी ने अंग्रेजी, हौम्यापैथिक, आयुर्वेदिक एवं प्राकृतिक इन चारों प्रकार की चिकित्सा वाले सर्वसुविधायुक्त अस्पताल खोले जाने की घोषणा

3-तत्कालीन रेलमंत्री श्री नीतिश कुमार द्वारा बामनिया रेल स्टेशन को मामाबालेश्वर दयाल रेल्वे स्टेशन के नाम से मॉडल रेल स्टेशन बनाए जाने की घोषणा

4-तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री दिग्विजयसिंह की विशाल सभागृह बनाए जाने की घोषणा प्रमुख रही थी। इसके अलावा मामाजी के अनुयायियों कई राजनेताओं ने कई घोषणाऐं की थी ,जो आज 27 वर्षो बाद भी ये सभी घोषणाऐं थोथी साबित हुई है। इतने वर्षों में प्रदेश में रही सरकारे भी अपने कार्यकाल में मामाजी के भील आश्रम के उत्थान और यहां आने वाले मामाजी के भक्तों की सुविधा की दिशा में कोई कारगर कदम नहीं उठाए जा सके है।

## ई-जीरो एफआईआर व्यवस्था से सायबर अपराध पर कसेगा शिकंजा

इंदौर । पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्मदिवस को 'सुशासन दिवस' के रूप में मनाए जाने की परंपरा के अनुरूप, मध्यप्रदेश पुलिस ने सुशासन को सशक्त करने की दिशा में नवाचार के रूप में 'ई-जीरो एफआईआर' व्यवस्था प्रारंभ की है। यह व्यवस्था 01 लाख रुपये से अधिक की सायबर वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों में लागू की गई है। 'ई-जीरो एफआईआर' व्यवस्था प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'सायबर सुरक्षित भारत' विज़न के अनुरूप है, जिसका उल्लेख उन्होंने अक्टूबर 2024 में 'मन की बात' कार्यक्रम में किया था। केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के मार्गदर्शन में देशभर में सायबर अपराध से निपटने के लिये ऐतिहासिक एवं तकनीक-आधारित कदम उठाए जा रहे हैं। मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा ई-जीरो एफआईआर प्रणाली के क्रियान्वयन से यह स्पष्ट होता है कि तकनीक के माध्यम से न्याय प्रक्रिया को तेज और आम नागरिकों के लिए अधिक सरल, सुलभ और प्रभावी बनाया जा सकता है। मध्यप्रदेश में लागू यह प्रणाली पुलिस को अपराधियों से एक कदम आगे रखने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। प्रदेश में बढ़ते सायबर अपराधों को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने तकनीक के दुरुपयोग से जनता की गाढ़ी कमाई लूटने वाले अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के स्पष्ट निर्देश दिए थे। मुख्यमंत्री का मानना है कि जिस प्रकार स्वच्छता को हमने अपनी संस्कृति बनाया है, उसी प्रकार सायबर स्वच्छता को भी जन-आंदोलन बनाना होगा। प्रदेश में ई-जीरो एफआईआर व्यवस्था का संचालन पुलिस महानिदेशक श्री कैलाश मकवाणा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री ए. साई मनोहर के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। इस व्यवस्था का उद्देश्य पुलिस को अधिक तेज, तकनीक-सक्षम और नागरिक-केंद्रित बनाना है।

सायबर वित्तीय धोखाधड़ी पर प्रभावी प्रहार सायबर वित्तीय धोखाधड़ी आज पुलिस के समक्ष एक बड़ी चुनौती बनकर उभरी है। कई बार पीड़ित की जीवनभर की कमाई कुछ ही क्षणों में अपराधियों के हाथों में चली जाती है, जिससे वह स्वयं को असहाय महसूस करता है। इसी पीड़ा को समझते हुए गृह मंत्रालय द्वारा 'ई-जीरो एफआईआर' की अवधारणा लागू की गई है, ताकि तकनीक को अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी हथियार बनाया जा सके।

### कानूनी आधार : BNSS और डिजिटल परिवर्तन

जुलाई 2024 से लागू हुए नए आपराधिक कानून 'भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता' (बीएनएसएस) नागरिक-केंद्रित हैं। इनका मूल उद्देश्य 'दंड नहीं, बल्कि न्याय' पर फोकस रहना है। बीएनएसएस की धारा 173 के अंतर्गत 'जीरो एफआईआर' को कानूनी मान्यता प्रदान की गई है, जिससे नागरिक देश में कहीं से भी, किसी क्षेत्राधिकार में घटित अपराध के लिए, इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

# इंदौर:मेडिकल स्टोर को किया सील

## जनसुनवाई में मिली शिकायत पर राज मेडिकल स्टोर सील

खुशबू श्रीवास्तव

इंदौर। जनसुनवाई में मिली एक शिकायत पर कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई की गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए अनियमितताएं पाये जाने पर एक मेडिकल स्टोर को सील किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव हासानी ने बताया कि प्राप्त शिकायत की जाँच के लिए




औषधि निरीक्षक तथा जोनल मेडिकल अधिकारी की समिति का गठन किया गया। उक्त समिति ने निरीक्षण के उपरान्त शिकायत को सही पाया और इस आधार पर राज मेडिकल स्टोर नंदलाल पुरा चौराहा द्वारा गलत इंजेक्शन लगाए जाने पर उसे सील किया गया। स्टोर का निरीक्षण करने पर पाया गया कि वहां अवैध रूप से क्लीनिक का संचालन भी किया जा रहा था। कलेक्टर इंदौर के निर्देशानुसार मेडिकल स्टोर को सील कर दिया गया है।

## कलेक्टर के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की बड़ी कार्रवाई

### महावीर अस्पताल द्वारा संचालित समस्त अल्ट्रासोनोग्राफी मशीनों को किया गया सील




इंदौर, इंदौर में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई है। स्वास्थ्य विभाग ने फूटी कोठी चौराहा स्थित महावीर अस्पताल द्वारा संचालित सभी अल्ट्रासोनोग्राफी मशीनों को सील कर दिया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव हासानी ने बताया कि कलेक्टर श्री शिवम वर्मा को महावीर अस्पताल द्वारा नियम विरूद्ध पीसीपीएनडीटी के मशीनों के संचालन की शिकायत प्राप्त हुई थी। जिस पर कलेक्टर के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा आज मौके पर दल भेजकर महावीर अस्पताल में पंजीकृत समस्त अल्ट्रासोनोग्राफी मशीनों को तत्काल प्रभाव से सीलबन्द करवाया गया। कार्यवाही के दौरान पाया गया कि एक पंजीकृत सिटी स्कैन मशीन को सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के बगैर बेच दी गयी है, जिसका पंचनामा बनाकर कार्रवाई की गयी। उक्त अस्पताल का पीसीपीएनडीटी पंजीयन क्रमांक 513 है, जिसकी वैधता 18 दिसम्बर 2027 तक है।

## इंदौर नगर निगम आयुक्त स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है



खुशबू श्रीवास्तव

**नगर निगम इंदौर आयुक्त दिलीप कुमार यादव तथा स्वास्थ्य विभाग अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया के आदेशानुसार स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। किंतु इस बीच कुछ ऐसे अवांछनीय तत्व भी हैं।**

जो निगम प्रशासन द्वारा किए जा रहे सतत सफाई अभियान में रोड़ा उत्पन्न कर रहे हैं। इसी क्रम में आज झोंन क्रमांक 1 वॉर्ड क्रमांक 10 बाणगंगा क्षेत्र के अंतर्गत महेश यादव नगर,जय हिंद नगर,बदल का भट्टा,डग्गर मोहल्ला,छोटी कुम्हारखाड़ी तथा विशाल नगर में सफाई का निरीक्षण किया जा रहा था।जहां पर रहवासियों के घरों के पाइप से निकला हुआ अपशिष्ट मल तथा घर का कचरा सीधे बैकलाइन में प्रवाहित किया जा रहा था।निरीक्षण के दौरान संबंधित व्यक्तियों को चिन्हित करके उनपर मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक विवेक यादव,पंकज सिंह राठौर द्वारा 10,500 रुपए की चालानी कार्यवाही की गई। तथा लोगों को समझाइए भी दी गई कि अपने घरों के आसपास साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें एवं स्वच्छता बनाए रखें। इस कार्यवाही में वॉर्ड दरोगा मनोज खोड़े,राकेश सारवान तथा एनजीओ बेसिक्स टीम उपस्थित थी।

## बड़ोदिया मंडल के ग्राम भोपावर में हिंदू सम्मेलन समिति की बैठक सम्पन्न हुई

दिलीप पाटीदार

आज श्री गणेश बड़केश्वर महादेव गौशाला धाम भोपावर मे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के उप खंड रिंगनोद अंतर्गत मंडल बड़ोदिया की मंडल हिंदू सम्मेलन समिति की बैठक भोपावर में सम्पन्न हुई। बैठक में मंडल सम्मेलन की समिति बनी ओर मंडल संयोजक, सह संयोजक, कोषाध्यक्ष तय हुए और सभी गांव के पालक तय कर ग्राम बैठक की दिनांक तय की गई 11 जनवरी




2026 को हिंदू सम्मेलन तय हुआ एवं दिनांक 01 जनवरी 2026 को भूमि पूजन का कार्यक्रम तय हुआ है। मंडल हिंदू सम्मेलन समिति की बैठक मे 5 गांवों से उपस्थिति थी समिति द्वारा समाजिक समरसता, सांस्कृतिक जागरण एवं राष्ट्रहित से जुड़े कार्यों को और अधिक प्रभावी रूप से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया।

# वीवीआईपी सुरक्षा में तैनात जवानों को मिला घटिया खाना

दिव्यानंद अर्गल

ग्वालियर :- यह कोई रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को मिलने वाला जनता खाना नहीं है, बल्कि यह वह भोजन है जो शहर भर के नाके-चौराहों पर तैनात उन पुलिस जवानों के लिए भेजा गया है, जो सुबह करीब 7 बजे से लेकर देर रात तक देश के गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की सुरक्षा में डटे हुए हैं।

मौके पर जब इस भोजन को देखा गया, तो यह रेलवे स्टेशन पर मिलने वाले सस्ते खाने के डिब्बे जैसा नजर आया। खाने में छह सूखी कच्ची पूड़ियाँ, दो सब्जियाँ और मीठे में पैठे का एक छोटा सा टुकड़ा शामिल था। जब इस भोजन को लेकर पुलिस कर्मियों से बात करने की कोशिश की गई, तो जवानों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि यदि कोई इस तरह का खाना दो दिन लगातार खा ले, तो बीमार पड़ना तय है। जवानों का कहना है कि वे खाना तो लेते हैं, लेकिन कई बार मजबूरी में उसे खा भी नहीं पाते।



सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि शहर में होने वाली छोटी-सी बैठक तक में अधिकारियों के लिए होटल तानसेन से विशेष भोजन और नाश्ता मंगवाया जाता है, लेकिन वही पुलिस जवान, जो कड़ाके की ठंड में आम जनता की सुरक्षा के साथ-साथ वीवीआईपी सुरक्षा की अहम जिम्मेदारी निभा रहे हैं, उन्हें इस स्तर का खाना दिया जा रहा है। यह सवाल व्यवस्था पर जरूर खड़ा करता है, लेकिन इसमें कोई दो राय नहीं कि ग्वालियर पुलिस के जवान पूरे अनुशासन, समर्पण और जिम्मेदारी के साथ अपनी ड्यूटी निभा रहे हैं।

जवानों ने कभी भोजन को लेकर प्रदर्शन या विरोध नहीं किया, बल्कि चुपचाप अपनी जिम्मेदारी निभाते रहे। अब जरूरत इस बात की है कि जिम्मेदार अधिकारी इस मामले को गंभीरता से लें और यह सुनिश्चित करें कि जो जवान दिन-रात जनता और देश के शीर्ष नेतृत्व की सुरक्षा में तैनात हैं, उन्हें सम्मानजनक, पौष्टिक और स्वास्थ्यवर्धक भोजन मिले। क्योंकि मजबूत सुरक्षा व्यवस्था की नींव मजबूत और संतुष्ट जवानों से ही होती है।

# अटल जी: स्मृतियों में बसे एक युगपुरुष


कैलाश विजयवर्गीय

(कैबिनेट मंत्री, म. प्र. सरकार)

दर्पण। राजनीति के आकाश में कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं, जो केवल सत्ता या पद से नहीं, बल्कि अपने विचार, आचरण और संवेदना से भरे कद से पहचाने जाते हैं। भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी ऐसे ही एक युगपुरुष थे। वे केवल भारत के प्रधानमंत्री नहीं थे, बल्कि राजनीति को मानवीय गरिमा, वैचारिक शालीनता और राष्ट्रीय चेतना से जोड़ने वाले दुर्लभ नेता थे। अटल जी पर संस्मरण लिखना वस्तुतः उस कालखंड को याद करना है, जब मतभेद भी मर्यादा में बंधे होते थे और विरोध में भी संवाद की संभावना जीवित रखी जाती थी। अटल जी का व्यक्तित्व बहुआयामी था। एक ओर वे ओजस्वी वक्ता थे, जिनके भाषण संसद से लेकर जनसभाओं तक श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर देते थे; दूसरी ओर वे एक संवेदनशील कवि भी थे, जिनकी कविताओं में मनुष्य, राष्ट्र और समय की पीड़ा बोलती थी। उनकी कविता "हार नहीं मानूंगा" आज भी सोशल मीडिया पर लाखों लोगों द्वारा देखी और सुनी जाती है। यह कविता कई लोगों के जीवन का मंत्र बन चुकी है। राजनीति उनके लिए सत्ता का साधन नहीं, बल्कि राष्ट्र-निर्माण का माध्यम थी। यही कारण है कि उनके विरोधी भी उनके व्यक्तित्व के प्रशंसक रहे।

## इंदौर नगर निगम का संघर्ष

बात उस समय की है जब मैं 1984-85 के दौरान नगर निगम इंदौर की स्थायी समिति का अध्यक्ष था। आज की राऊ विधानसभा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की मूर्ति के अनावरण के लिए हमने अटल जी को आमंत्रित किया था। मैंने अपने भाषण में अटल जी से तत्कालीन राज्य सरकार की शिकायत करते हुए कहा कि राज्य सरकार निगम को चुंगी से मिलने वाला पैसा 90% काटकर सिर्फ 10% देती है, जिसके कारण नगर निगम इंदौर का विकास बाधित हो



रहा है। अतः मैं भोपाल में मुख्यमंत्री निवास के सामने अनशन करूंगा, आप आशीर्वाद दीजिए। उस समय मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री स्वर्गीय श्री मोतीलाल जी वोरा थे। जब अटल जी बोलने खड़े हुए तो उन्होंने सलाह दी कि कैलाश तुम भोपाल में नहीं, इंदौर में अनशन करो और इंदौरवासियों से आह्वान किया कि वे इस आंदोलन में मेरा साथ दें। उनके आदेश का पालन करते हुए हमने इंदौर में राजबाड़ा पर अनशन किया और आज मुझे यह बात याद करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि अनशन को मिले विशाल जनसमर्थन के चलते सिर्फ 8 दिन में ही राज्य सरकार को झुकना पड़ा और नतीजा यह हुआ कि चुंगी क्षतिपूर्ति के मद में निगम को 10% की जगह 60% राशि मिलने लगी, जिससे इंदौर के विकास ने गति पकड़ी। अटल जी की राजनीति की इतनी गहरी समझ से मैं पहली बार वाकिफ हुआ था। सिद्धांतों का पाठ 1999 में अटल जी से मेरी एक और मुलाकात मुझे हमेशा याद रहेगी। उस दौरान इंदौर निगम के इतिहास में महापौर के लिए पहली बार प्रत्यक्ष रूप से हुए चुनाव में जनता द्वारा मुझे मेयर चुना गया। विधायक मैं पहले से ही था। मेयर बनने के बाद जब मैं अटल जी से आशीर्वाद लेने उनके नई दिल्ली निवास पर गया, वे अपने प्रधानमंत्री निवास के केंद्रीय कक्ष में टहल रहे थे। मुझे देखते ही मुस्कुराते हुए कहने लगे - "कैलाश... एक व्यक्ति दो पद नहीं चलेंगे, नहीं चलेंगे।" मैंने भी प्रत्युत्तर में कहा कि मान्यवर, हमारे राज्य मध्य प्रदेश में कानून इसकी इजाजत देता है। इस पर वे जोर से हंस पड़े और बोले कि "तुम्हारे मध्य प्रदेश के विधान में ऐसी व्यवस्था होगी लेकिन बीजेपी के संविधान में नहीं है।" इतना बोलकर उन्होंने अपने हाथों से मेरा मुंह लड्डू से भर दिया और मुस्कुराने लगे। तब मैंने जाना कि अपने सिद्धांतों को बिना किसी पर थोपे, अपनी बात सहजता से कह देना उनका विशेष गुण था।

## सादगी और आत्मीयता

अटल जी की सादगी और सरल व्यक्तित्व सबका दिल जीत लेती थी। 2003 में, प्रदेश के कुछ कार्यकर्ता उनसे मिलना चाहते थे। मैंने उनके निज सहायक श्री शक्ति सिन्हा जी, जो कि ओड़िशा कैडर के आईएएस थे, से अपॉइंटमेंट लिया। उन्होंने सुबह 9 बजे का समय दिया। हम तय समय से थोड़ा पहले तत्कालीन प्रधानमंत्री निवास, 7 रेसकोर्स रोड पहुंच गए। सिन्हा जी ने हमें प्रतीक्षा कक्ष में बिठाया और बताया कि माननीय प्रधानमंत्री जी अभी नाश्ता कर रहे हैं तो कुछ समय इंतजार करना पड़ेगा। लेकिन इतने में ही भीतर से बुलावा आ गया। हम अंदर गए तो अटल जी नाश्ता कर रहे थे और उनके साथ में ग्वालियर क्षेत्र से विधायक और अटल जी के भांजे अनूप मिश्रा जी, प्रधानमंत्री के प्रिंसिपल सेक्रेटरी ब्रजेश मिश्रा भी थे। अटल जी ने हमें अपने साथ नाश्ता करने के लिए आग्रह किया। आग्रह में इतनी आत्मीयता और प्रेम था कि मुझे तनिक भी यह महसूस नहीं हो पाया कि मुझ जैसा छोटा सा कार्यकर्ता देश के प्रधानमंत्री के साथ बैठकर नाश्ता कर रहा है। उस दिन का उनके साथ बीता एक-एक पल मुझे आज भी याद है। उस दौरान वे हमसे ऐसी बातें कर रहे थे जैसे एक पिता अपने बच्चों के साथ भोजन करते समय परिवार की बातें करता है।

## मध्यप्रदेश से विशेष लगाव

मध्य प्रदेश से उन्हें विशेष लगाव था। उनका बचपन ग्वालियर क्षेत्र में बीता था। उनके बचपन के दौरान जब गर्भवती महिलाओं को बेहतर चिकित्सा की जरूरत पड़ती थी तो गांव से शहर तक सड़क ना होने से सफर मुश्किल भरा और समय लगने वाला होता था। इस कारण कई बार गर्भवती और बच्चे दोनों की जान चली जाती थी। इसलिए जब उन्होंने देश की कमान संभाली तो प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के माध्यम से बड़े पैमाने पर सड़क निर्माण का कार्य किया। उस समय मध्य प्रदेश की सड़कों को लेकर भी वे बहुत दुखी रहते थे। इसी दौरान मध्य प्रदेश में 2003 विधानसभा चुनाव में बीजेपी की सरकार आई और मैं पीडब्ल्यूडी मंत्री बना। मैंने दिल्ली पहुंचकर उनसे मुलाकात की। सड़कों पर चर्चा के दौरान उन्होंने वादा किया कि वे इस साल मध्य प्रदेश को 1000 करोड़ रुपये देंगे साथ ही आगे भीबहर साल इतना ही पैसा देते रहेंगे, और कहा कि कैलाश तुम पैसों की चिंता किये बगैर प्रदेश की सड़कें सुधारो। दुर्भाग्यवश कुछ समय बाद हुए लोकसभा चुनाव में सरकार नहीं लौटी और उनका वह वादा पूरा नहीं हो पाया। फिर हमने राज्य के वित्तीय साधनों से ही प्रदेश की सड़कों का विकास किया।

## चालीस वर्षों का रिश्ता

1980 के दशक में एक बार स्वर्गीय प्रमोद महाजन जी ने एक मुलाकात के दौरान मुझसे कहा था कि युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं को अटल जी से मिलते रहना चाहिए। तब से उनके जन्मदिवस पर उनसे मिलकर शुभकामनाएं देने और आशीर्वाद लेने का सिलसिला ऐसा चल पड़ा कि पिछले 40 वर्षों के बाद भी यह टूटा नहीं। जब वे जीवित थे तो उनसे मिलकर शुभकामनाएं देता था और उनका आशीर्वाद लेता था, अब उनके दिल्ली स्थित समाधि स्थल (सदैव अटल) पर आशीर्वाद लेने के इस सिलसिले को बनाए रखा है।

# नगर में भव्य नगर कीर्तन का आयोजन किया गया





**रणजीत टाइम्स**

सिख समाज के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह साहेब जी के प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर नगर में भव्य नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर में धार्मिक उल्लास और आपसी सौहार्द का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। नगर कीर्तन के मंच पर पूर्व राज्य मंत्री श्री दिलीप राजपाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। आयोजन के दौरान एक तू ही जयगुरूदेव सदगुरु स्वामी श्री अरुणानंद जी महाराज साहेब के आशीर्वाद से राजपाल परिवार द्वारा मंच से निकलने वाले सभी निशानों, कीर्तन करने वाले रागी जत्थों, पंच प्यारों एवं समस्त संगत का हार पहनाकर एवं पुष्प वर्षा कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर सभी धर्मों के लोगों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई, जिससे धार्मिक एकता और भाईचारे का संदेश पूरे नगर में प्रसारित हुआ।

कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे एक तू ही गुरुद्वारा जयगुरूदेव विश्व प्राकृतिक आध्यात्मिक ध्यान मंदिर के अध्यक्ष एवं महंत बाल योगी मौनी यशवर्धन महाराज साहेब, डॉ. अब्दुल गफ्फार खान, जानकी लाल पटेरिया, सबीर खान, किसन भालसे सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने भी फूलों की वर्षा कर एवं हार पहनाकर संगत का सम्मान किया। कार्यक्रम के दौरान सभी श्रद्धालुओं ने संगत की सेवा का पुण्य लाभ लिया और पूरे वातावरण को भक्ति, श्रद्धा एवं सौहार्द से ओतप्रोत कर दिया।

## ज्ञानपूरा में वीरबाल दिवस के अवसर पर बालिकाओं के साथ चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया




**दिलीप पाटीदार**

धार भारत सरकार मंत्रालय महिला एवं बाल विकास दिल्ली द्वारा राष्ट्रीय स्तर का उत्सव भारत के भविष्य की नीव माने जाने वाले बच्चों को सम्मानित करने हेतु राष्ट्रीय स्तर पर वीरबाला दिवस का आयोजन किया जाना था। कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री सुभाष जैन के मार्गदर्शन में 25 दिसंबर 2025 को कस्तूरबा गांधी छात्रावास ज्ञानपूरा में वीरबाल दिवस के अवसर पर बालिकाओं के साथ चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

साथ ही चेयर रेस, कब्बडी ,रस्सीकूद,गीत एवं कविता मेमोरी गेम आदि प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। वीर बाल दिवस का आयोजन साहिबजादा जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेह सिंह द्वारा दिये गये सर्वोच्च बलिदान के संबंध में प्रतिवर्ष 26 दिसम्बर को वीर बाल दिवस मनाया जाता है। यह दिवस भारत के भविष्य की नींव माने जाने वाले बच्चों को सम्मानित करने के लिये समर्पित एक राष्ट्रीय उत्सव है। इस पहल का उद्देश्य युवा प्रतिभाओं का पोषण करना, रचनात्मकता को बढ़ावा देना और उन्हें विकसित भारत के सपने में योगदान देने के लिये मनाया जाता है । इसी अंतर्गत आयोजित की गई प्रतियोगिताओं में छात्रावास की बालिकाएं हर्षिता राठोर, रीना पवार, देवकी चौहान, निशा डाबर, पूजा डाबर, रंजना डावर, आशा डाबी, स्मिता भाकर, माया धुधं, पायल भूरिया विजेता रही छात्रावास अधीक्षिका श्रीमती संध्या यादव एवं सुश्री वंदना रघुवंशी द्वारा बालिकाओं को प्रोत्साहन भेंट दी गई। वन स्टॉप सेंटर से चेतना राठौर, लीला रावत, सरिता चौहान उपस्थित थे।

## बंजारा युवा शक्ति इंदौर ने श्रद्धा व भक्ति के साथ मनाई लक्ष्मण चैतन्य बापू जी की पुण्यतिथि



**राजेश धाकड़**

इंदौर। बंजारा युवा शक्ति इंदौर द्वारा लक्ष्मण चैतन्य बापू जी की पुण्यतिथि के अवसर पर भव्य धार्मिक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सेवालाल महाराज जी एवं बापू जी की सामूहिक आरती संपन्न हुई, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तजनों ने भक्ति भाव से सहभागिता की। आयोजन के संयोजक सुल्तान चौहान (ठेकेदार) एवं कालूराम नायक (ठेकेदार) ने बताया कि यह संस्था का पाँचवाँ वर्ष है और हर वर्ष 25 दिसंबर को आरती एवं प्रसादी वितरण का आयोजन निरंतर किया जाता है।

9उन्होंने उल्लेख किया कि 2022 में इस आयोजन में लगभग 25,000 श्रद्धालु शामिल हुए थे, जिसके बाद इस चौराहे तथा ओवरब्रिज का नाम सेवालाल महाराज जी के नाम पर रखा गया। संयोजकों ने बताया कि आयोजन का मुख्य उद्देश्य बापू जी एवं सेवालाल महाराज जी के विचारों, आदर्शों और सामाजिक समरसता के संदेश को जन-जन तक पहुँचाना है। कार्यक्रम के दौरान समाज में एकता, सेवा और भक्ति की भावना को सशक्त करने का संकल्प दोहराया गया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने आरती व प्रसादी ग्रहण कर संतों के प्रति अपनी गहरी श्रद्धा व्यक्त की।

# संतुलित आज्ञा चक्र से ही कुंडलिनी जागरण संभव है



छठा चक्र आज्ञा चक्र कहलाता है। इसकी केवल दो पंखुड़ियाँ होती हैं। .. इस केन्द्र को वहाँ स्थित किया गया है जहाँ मस्तिष्क में दोनों दृकतंत्रिकायें एक दूसरे को पार करती हैं। यह केन्द्र पियुष (पिट्यूटरी) तथा शंकुरूप (पीनियल) ग्रन्थियों के लिये कार्य करता है जो कि अहं एवं प्रति अहं नामक दोनो संस्थाओं का प्रतिनिधित्व करता है। आज्ञा चक्र का महत्वपूर्ण क्षेत्र सिर के पिछले भाग का वह स्थल है जो माथे के ठीक पीछे स्थित है। ये उस क्षेत्र में स्थित है जो गर्दन के आधार से आठ उंगलियों की ऊँचाई पर स्थित है। यह महागणेश का क्षेत्र है।

आज्ञा चक्र के खराब होने का मुख्य कारण आँखें हैं।.. किसी भी स्त्री की तरफ बुरी दृष्टि से देखना महापाप है। .. गलत नज़र रखने से मनुष्य किसी पशु के समान बर्ताव करता है। क्योंकि रात दिन उसके अन्दर गन्दे विचारों का चक्र चलता रहता है। आपकी नज़र भी व्यभिचारी नहीं होनी चाहिये। अगर नज़र अपवित्र होगी तो आपको आँखों की तकलीफ भी हो जाएगी। ........ अपनी आँखें इधर-उधर घुमाने के कारण ये खराब होती हैं। आज्ञा चक्र खराब होने का दूसरा कारण है मनुष्य की 'कार्य पद्धति', समझ लीजिये आप बहुत काम करते हैं, अति कर्मी हैं, अच्छे काम करते हैं, कोई भी बुरा काम नहीं करते परन्तु ऐसी अतिकार्यशीलता की वजह से चाहे वह अति पढ़ना हो, अति सिलाई हो या अति विचारशीलता, आपका आज्ञा चक्र प्रभावित होता है, इसका कारण है कि जिस समय आप अति कार्य करते हैं उस समय परमात्मा को भूल जाते हैं, उस समय आपमें ईश्वर प्रणिधान स्थित नहीं होता। अनाधिकृत गुरु के सामने झुकने अथवा उनके चरणों में अपना माथा टेकने से भी आज्ञा चक्र खराब हो जाता है। (प.पू.श्री माताजी, २७.९.१९७९) हमारे सभी विचारों और बन्धनों में से अहं कि 'मैं यह कार्य कर रहा हूँ' सबसे बुरा है, इसका समाप्त होना आवश्यक है..... जब तक आप स्वयं को कर्ता समझते रहेंगे आप आनन्द के सागर में छलांग नहीं लगा सकते। (प.पू.श्री माताजी, इटली, १९.४.१९९२) जब हम अहं को बढ़ावा देने लगते हैं तो दाईं ओर की समस्यायें आरम्भ हो जाती हैं, तब प्रतिक्रिया के रूप में इसका प्रभाव बाईं ओर पर पड़ता है। वास्तव में बाईं ओर का स्थान हमारे सिर में दाईं तरफ है तो हमारा अहं दाईं आज्ञा में आ जाता है। श्री महावीर बाईं ओर के रुद्र हैं। अहंवश होकर लोग पापमय अनुचित कार्य करते हैं जो श्री गणेश के विरूद्ध हैं। (प.पू.श्री माताजी, दिल्ली, १६.३.१९९७) बाईं आज्ञा (पीछे की ओर) की यदि समस्या होतो इसका कुप्रभाव आँखो पर पड़ता है, हमारी आँखों का आकार बढ़ सकता है तथा दूर दृष्टि कम हो सकती है। मानसिक रोगियों को बाई आज्ञा की समस्या बहुत अधिक होती है। व्यक्ति को गुरुओं और पुस्तकों के विषय में बहुत सावधान रहना चाहिये क्योंकि इनके कारण बाईं आज्ञा तथा स्वाधिष्ठान की समस्या हो सकती है।

बाईं आज्ञा चक्र यदि प्रकाशित हो जाए तो व्यक्ति अपनी लौकिक आँखो से चैतन्य देखने लगता है। यह बाईं आज्ञा अत्यन्त अन्तर्भेदी है। सामने का दायां आज्ञा चक्र भी बहुत महत्वपूर्ण है। हम यदि क्षमा नहीं करते तो यह खराब हो जाता है। यदि बहुत अधिक सोचते हैं तो भी यह समस्यायें खड़ी करता है। ....... बहुत अधिक सोचने पर हमारे चेतन मस्तिष्क पर आक्रमण कर देता है। भविष्यवादी दृष्टिकोण व्यक्ति की आज्ञा को खराब कर देता है। आप यदि अहंवादी हैं तो आप चक्र के मार्ग को बहुत ही संकीर्ण कर देते हैं। ......आप यदि प्रतिअहंवादी, डरे हुये, किसी से दबे हुये व्यक्ति हैं तब भी यह चक्र बहुत अधिक विकृत हो जाता है। संतुलन स्थापित होने पर यह आज्ञा चक्र बेहतर हो जाता है केवल तभी उठती हुई कुण्डलिनी इस चक्र को पार कर पाती है। सहजयोग की अधिक जानकारी निम्न साधनों से भी प्राप्त कर सकते हैं। यह पूर्णतया निशुल्क है। टोल फ्री नं – 1800 2700 800 अथवा यूट्यूब चैनल लर्निंग सहजयोगा

जन्मदिन की अग्रिम शुभ सूचना

"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!

बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो

2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।

भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278

रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा! अपने जज़्बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ। टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"

रणजीत टाइम्स

दैनिक रणजीत टाइम्स

जिला एवं तहसील स्तर पर एजेंसी देना है

अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें
संपर्क करें
8224951278 :: 9827068888

## इंदौर का पहला कीर्तन जैमिंग ग्रुप 'कृष्णसंसार',युवाओं में जगा रहा कृष्ण भक्ति का नवजागरण

राजेश धाकड़

इंदौर सनातन धर्म की आत्मा को युवाओं के हृदय तक पहुँचाने का कार्य यदि आज के समय में कहीं सबसे प्रभावशाली रूप से हो रहा है, तो वह इंदौर के पहले कीर्तन जैमिंग ग्रुप 'कृष्णसंसार' के माध्यम से हो रहा है। भक्ति, संगीत और युवा चेतना के संगम से कृष्णसंसार आज न केवल इंदौर, बल्कि देशभर में सनातन संस्कृति की नई पहचान बनता जा रहा है। जहाँ आधुनिक जीवनशैली में युवा धीरे-धीरे भक्ति से दूर होते जा रहे हैं, वहीं कृष्णसंसार ने आधुनिक परिवेश में ही कृष्ण नाम का संचार कर दिया है। सेंट्रल मॉल, ट्रेजर आइलैंड, द हब जैसे शहर के प्रमुख स्थानों पर प्रति सप्ताह आयोजित होने वाले कीर्तन जैमिंग कार्यक्रमों में जब "हरे कृष्ण" की धुन गूंजती है, तो राह चलते युवा स्वतः रुककर भक्ति में डूब जाते हैं।

100 से अधिक कीर्तन, हजारों युवाओं तक पहुँचा कृष्ण नाम अब तक 100 से अधिक कीर्तन कार्यक्रम आयोजित कर चुका कृष्णसंसार, भक्ति को केवल मंच तक सीमित नहीं रखता, बल्कि उसे जन-जन तक पहुँचाने का कार्य कर रहा है। मृदंग, ढोलक और भक्ति संगीत के साथ जब युवा एक साथ कीर्तन करते हैं, तो वह दृश्य किसी उत्सव



से कम नहीं होता। यह कीर्तन केवल संगीत नहीं, बल्कि युवाओं के भीतर सोई सनातन चेतना को जाग्रत करने का सशक्त माध्यम बन चुका है।

इंदौर से मुंबई तक, अब पूरे भारत में गूंजेगा कृष्ण नाम कृष्णसंसार की भक्ति यात्रा अब इंदौर से आगे बढ़ चुकी है। आगामी दिनों में समूह मुंबई के रंग शारदा,ऑडिटोरियम में कीर्तन जैमिंग प्रस्तुति देने जा रहा है। इसके पश्चात जबलपुर और बेंगलुरु जैसे शहरों में भी कार्यक्रम प्रस्तावित हैं। ग्रुप का उद्देश्य है कि पूरे भारत में कीर्तन जैमिंग के माध्यम से युवाओं को सनातन धर्म की सुंदरता, शांति और कृष्ण भक्ति से जोड़ा जाए। कृष्णसंसार टीम का संदेश कृष्णसंसार टीम के साथी योगेश वाडिया ने बताया कि यह समूह पूरी तरह इंदौर के युवाओं द्वारा संचालित है। "हम चाहते हैं कि युवा भक्ति को बोझ नहीं, आनंद समझें। कृष्ण भक्ति जीवन को दिशा देती है और हमें वही युवाओं तक पहुँचानी है।हमारा सपना है कि हर शहर में युवा 'हरे कृष्ण' के साथ जुड़ें।" सनातन संस्कृति का युवा स्वरूप बनता कृष्णसंसार आज कृष्णसंसार केवल एक कीर्तन समूह नहीं, बल्कि युवाओं के बीच उभरता हुआ सनातन आंदोलन बन चुका है। यह समूह यह संदेश दे रहा है कि सनातन धर्म पुराना नहीं, बल्कि समय से परे और युवाओं के लिए अत्यंत प्रासंगिक है।

इंदौर के इन युवाओं ने यह सिद्ध कर दिया है कि जब भक्ति में समर्पण हो, जब उद्देश्य सेवा हो, तो कृष्ण स्वयं मार्ग प्रशस्त करते हैं।

# पुलिस कमिश्नर इंदौर द्वारा आपराधिक गतिविधियों में लिप्त 25 शातिर बदमाशों के विरुद्ध, किए गए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी..

10 कुख्यात बदमाशों को जिलाबदर कर, किया गया इंदौर व सीमावर्ती जिलों की राजस्व सीमा से निष्कासित। 15 अन्य बदमाशों के विरुद्ध निर्बन्धन आदेश जारी कर, थाना हाजरी होने के लिए किया गया पाबंद। बदमाश आदतन अपराधी है, जिनके विरुध्द पूर्व से पंजीबध्द है- विभिन्न धाराओं के कई गंभीर अपराध।







इदौर नगरीय क्षेत्र मे अपराध व अपराधियों पर नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस आयुक्त नगरीय इन्दौर श्री संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देशन में इंदौर पुलिस द्वारा सक्रिय गुंडे बदमाशों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में पुलिस आयुक्त द्वारा संबंधित जोन के पुलिस अधिकारियों से प्राप्त प्रतिवेदन पर कार्यवाही करते हुए 10 कुख्यात बदमाशों को जिलाबदर किया जाकर तथा 15 अन्य शातिर बदमाशो को थाना हाजरी के लिए निर्बन्धन आदेश जारी किया है। आदतन बदमाश जो कि आपराधिक प्रवृत्ति के होकर उनके द्वारा क्षेत्र में लगातार आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दिया जा रहा था जिसमे आरोपी-

1. इमरान उर्फ इम्मु उर्फ निजाम पिता इकरामा पहलवान उम्र 35 वर्ष निवासी 301 ई सेक्टर चदंन नगर थाना चदंन नगर इंदौर
2. गोलू उर्फ युसूफ पिता सैय्यद नवाब अली उम्र 29 वर्ष निवासी 168 वक्फ बोर्ड कॉलोनी थाना खजराना इंदौर
3. महेश उर्फ टोपी पिता सैय्यद नवाब अली निवासी 115 ऋषि पैलेस कॉलोनी द्वारकापुरी थाना द्वारकापुरी इंदौर,
4. भरत उर्फ भरतिया पिता रामदास समिन्दर उम्र 32 वर्ष निवासी 1391 शीलनाथ कैम्प थाना परदेशीपुरा इंदौर
5. गणेश उर्फ चिकना पिता छोटेलाल कुशवाह उम्र 45 वर्ष निवासी 145 कैलाश का भट्टा थाना विजय नगर इंदौर
6. गोलू उर्फ चिकना उर्फ देवेंद्र पिता संतोष बैरवा उम्र 30 वर्ष निवासी 445 कुलकर्णी का भट्टा थाना परदेशीपुरा इंदौर
7. आयुष उर्फ संस्कार पिता कान्हा उर्फ हरिश पिता शाक्यवार उम्र 21 वर्ष निवासी 225/5 सर्वहारा नगर थाना परदेशीपुरा इंदौर
8. विलास उर्फ चिंटू उर्फ धाणा पिता अशोक ढ़ाडे उम्र 29 वर्ष निवासी 19/5 टापू नगर थाना परदेशीपुरा इंदौर
9. मोनू उर्फ गोलू पिता रमेश अजमेरा उम्र 29 वर्ष निवासी 15/2 गोमा की फेल थाना तुकोगंज इंदौर
10. राहुल उर्फ रमेश टोकनीवाल उम्र 35 वर्ष निवासी 4/1 मुराई मोहल्ला थाना रावजी बाजार इंदौर- इन अपराधियों के विरुध्द विभिन्न गंभीर धाराओं के कई अपराध शहर के विभिन्न थानों में पंजीबद्ध है। बदमाशों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही के उपरांत भी इनके द्वारा लगातार अपराध कारित कर आम लोगो की शांति भंग कर क्षेत्र की लोक व्यवस्था भंग की जा रही थी।

उक्त बदमाशो की आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु बदमाशों के विरुद्ध म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के अंतर्गत कार्यवाही हेतु इनके प्रकरणों के प्रतिवेदन को श्रीमान पुलिस आयुक्त नगरीय इन्दौर के समक्ष प्रस्तुत किया गया। उक्त प्रकरणों की जांच एवं विचारण उपरांत पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह द्वारा उक्त बदमाश-

1. इमरान उर्फ इम्मू ( 01 वर्ष)
2. गोलू उर्फ युसूफ ( 01 वर्ष)
3. महेश उर्फ टोपी ( 01 वर्ष)
4. भरत उर्फ भरतिया (01 वर्ष)
5. गणेश उर्फ राजू (06 माह)
6. गोलू उर्फ चिकना (06 माह)
7. आयुष उर्फ संस्कार (06 माह)
8. विलास उर्फ चिन्टू (06 माह)
9. मोनू उर्फ गोलू (06 माह)
10. राहुल टोकनीवाला (06 माह)

को निर्धारित अवधि के लिए जिला इंदौर (नगरीय एवं देहात) एवं उससे लगे सीमावर्ती जिलो की सीमाओं के लिये प्रतिबंधित करने हेतु जिलाबदर आदेश जारी किया गया है।

इसके साथ ही आदतन बदमाशों की आपराधिक प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के लिए, पुलिस कमिश्नर इंदौर द्वारा बदमाश -

1. राजा उर्फ सोहेल पिता तनवीर शेख उम्र 30 साल, निवासी बी-25, आईडिया मल्टी थाना तिलक नगर इंदौर (अवधि-01 वर्ष)
2. राजेन्द्र पिता छोटेलाल चौरसिया उम्र 28 साल निवासी एम.एम-11/96 सुखलिया थाना हीरानगर इंदौर। (अवधि-01 वर्ष)
3. रोहित पिता श्रीराम तिराले उम्र 21 साल, निवासी आई-33 आईडिया मल्टी थाना पलासिया इंदौर (अवधि-01 वर्ष)
4. संजय उर्फ संजू पिता मुकेश कैथवास, उम्र 32 साल, निवासी-606 विनोबा नगर थाना पलासिया इंदौर (अवधि-01 वर्ष)
5. ललित पिता सुरेश गोगडे उम्र 32 साल निवासी 11/14 लाल गली थाना परदेशीपुरा इंदौर (अवधि-01 वर्ष)
6. सागर पिता कालू छोलवंश उम्र 30 साल निवासी 42 सेठीनगर थाना छत्रीपुरा इंदौर (अवधि-01 वर्ष)
7. आकाश पिता रामदयाल सिलोईया उम्र28 साल निवासी 159/1 गोमा की फेल थाना तुकोगंज इंदौर (अवधि-01 वर्ष)
8. अनीत पिता रामजतन वर्मा उम्र 18 साल निवासी 26/02 राधा कृष्ण नगर थाना बाणगंगा इंदौर (अवधि-01 वर्ष)
9. अभिषेक पंवार पिता चुले सिंह पंवार उम्र 24 साल निवासी-151/07 गोविन्द नगर थाना बाणगंगा इंदौर (अवधि-01 वर्ष)
10. गौरव धर्मन पिता अशोक वर्मन उम्र 26 साल निवासी पी 1/205 आईडिया मल्ली तेजपुर गड़बड़ी इंदौर हाल मुकाम-52/2, नासिर भाई का मकान थाना पंढरीनाथ इंदौर (अवधि - 06 माह)
11. अभिषेक पिता जितेन्द्र बानिया उम्र 19 साल निवासी गणेश नगर, सरकारी स्कूल के पास थाना भवंरकुआ इंदौर (अवधि-06 माह)
12. किशोर उर्फ कैलाश पिता देवीलाल जाटव/यादव उम्र 45 साल निवासी-14/02 अर्जुन सिंह नगर थाना परदेशीपुरा इंदौर (अवधि-06 माह)
13. गुलराज उर्फ गोल्डी पिता उमेश बैण्डवाल उम्र 19 साल निवासी-296 शीलनाथ कैम्प कुलकर्णी का भट्टा थाना परदेशीपुरा इंदौर। (अवधि-06 माह)
14. अनिल उर्फ पड़ी पिता अशोक चौहान उम्र 38 साल निवासी-07/07 एवं 05/09 परदेशीपुरा थाना परदेशीपुरा इंदौर। (अवधि-06 माह)
15. हेमराज उर्फ चुम्मा पिता देवचंद बजरिया उम्र 24 साल निवासी-603 भागीरथपुरा थाना बाणगंगा इंदौर। (अवधि-06 माह)

उक्त निर्बन्धन आदेश की शर्तों के तहत बदमाशों को- निर्धारित समय अवधि पर संबंधित थाने देना होगी हाजिरी।

अवैधानिक गतिविधियों में नही रहेंगे संलिप्त।

शहर में लोकशांति को भंग करने का नही करेंगे कोई कार्य, आदि प्रतिबंधात्मक शर्ते लगाई गई है। बदमाशो द्वारा उक्त निर्बन्धन आदेश की शर्तों का यदि उल्लंघन किया जाता है तो उसके विरुद्ध उचित वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। उक्त प्रकरणों पर शासन की ओर से पैरवी एडीपीओ श्री अजय प्रताप बुंदेला द्वारा की गई।